OFFICE OF THE REGISTRAR
UNIVERSITY OF LUCKNOW
कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ0प्र0

पत्रांक : AF-12552
दिनांक : 13/06/23

सेवा में,
प्राचार्य,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
जनपद–लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली।

**विषयः दिनांक 21 जून, 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2023 मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मा0 कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय के पत्र संख्या–ई–3358/32–जी0एस0/2023 दिनांक 05 जून, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके क्रम में मा0 कुलाधिपति महोदया के निर्देशानुसार दिनांक 21.06.2023 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस वृहद रूप से आयोजित करने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक R/283/23 दिनांक 03.06.2023 निर्देशित किया गया था।

उक्त के सम्बन्ध में यह अवगत कराना है कि मा0 राज्यपाल महोदया के निर्देश के अनुपालन हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों/संस्थाओं को यह निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 21 जून, 2023 को अपने महाविद्यालयों में विश्व योग दिवस–2023 कार्यक्रम का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें, जिसमें आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत शत्प्रतिशत् छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित उनके परिवारीजनों तथा अन्य स्थानीय गणमान्य नागरिकों/ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए कार्यक्रम में कुल प्रतिभागियों की स्पष्ट संख्या एवं मुख्य अतिथि योगाचार्य आदि का समुचित विवरण नीचे अंकित निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 15.06.2023 को अपराह्न 02:00 बजे तक प्रत्येक दशा में लखनऊ विश्वविद्यालय के Google Link: https://forms.gle/d6Wy1Xqhu1iz1jZM8 पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उक्त के सम्बन्ध में यह भी निर्देशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालयों में दिनांक 21.06.2023 को आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2023 कार्यक्रम में अपने क्षेत्र के ग्राम प्रधान/जनप्रतिनिधि को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमन्त्रित किया जाय एवं आयोजन में शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य की जाय। यदि शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं के परिवारजन आयोजन में प्रतिभाग करना चाहते हैं तो उनका भी स्वागत किया जाय।

यह भी अवगत कराना है कि यदि कोई महाविद्यालय अपने यहाँ किन्ही कारणों से शिविर नहीं करा पा रहा है तो निकट के किसी अन्य महाविद्यलय में आयोजित किये जा रहे योगा शिविर में अपने यहाँ के छात्र–छात्राओं की प्रतिभागिता सुनिश्चित करवाने का कष्ट करे।

कार्यक्रम समाप्ति के उपरान्त कार्यक्रम की आख्या कुछ चित्रों सहित अधोहस्ताक्षरी को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

भवदीय
13-6-23
(संजय मेधावी)
कुलसचिव

संख्या ........................ दिनांक ........................
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. निदेशक, आई0पी0पी0आर0 को प्रेस में प्रकाशनार्थ।
4. इंचार्ज वेबसाईट, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी) को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

कुलसचिव